विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4- (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति के छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति देने की योजनायें संचालित हैं? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हॉ, तो माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा व मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने वाले कितने छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई? | अनुसूचित जाति पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि राज्य सरकार द्वारा एवं 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि भारत सरकार द्वारा सीधे छात्रों के आधार सीडेड बैंक खातें में भुगतान किये जाने की व्यवस्था लागू है। वर्ष 2021-22 में माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा व मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने वाले एवं छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त अनुसूचित जाति छात्रों की संख्या निम्नवत् है:- |

| क्र0 | पाठ्यक्रम का नाम | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | माध्यमिक | 760506 |
| 2 | उच्च शिक्षा | 629071 |
| 3 | मेडिकल | 1100 |
| 4 | इंजीनियरिंग | 42142 |
| | योग | 1432819 |

| | |
|---|---|
| (ग) क्या छात्रवृत्ति के अभाव में छात्रों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ जाती है? | जी नहीं। |
| (घ) यदि हॉ, तो सभी छात्रों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

असीम अरूण
मा0 राज्यमंत्री (स्व0प्र0)।